# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 0291-2612086


क्रमांकः F37 / निदे.आयो. / जेडीए / सामान्य / 2021 / दिनांकः–

## –:बैठक कार्यवाही विवरणः–

आज दिनांक 12.08.2021 को प्रातः 12:30 बजे श्रीमान् आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में नगर निगम उत्तर (N) व नगर निगम दक्षिण (S) के जोनल डवलपमेंट प्लान की प्रगति के संबंध में चर्चा की गयी। जोनल डवलपमेंट प्लान बनाये जाने बाबत् पूर्व बैठक दिनांक 16.06.2021 में लिये गये निर्णयों पर अब तक हुयी कार्यवाही से वर्तमान आयुक्त नगर निगम उत्तर / दक्षिण को अवगत करवाया गया एवं जोनल डवलपमेंट प्लान को समयबद्व पूर्ण करने बाबत् आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जोनल डवलपमेंट प्लान बैठक में उपस्थित नगर निगम के उप नगर नियोजक को कमिटमेंट ओर राजकीय भूमि योजनाओं की जानकारी एकत्रित करवाने हेत निर्देशित किया गया।

1. नगर निगम क्षेत्रों में दोनों जोनल डवलपमेंट प्लान हेतु नोडल अधिकारी नगर निगम उत्तर व दक्षिण में संबंधित उपायुक्त को जोनल डवलपमेंट प्लान हेतु वांछित डेटा, सडकों की चौडाई कमिटमेंन्ट योजना में राजकीय भूमि का विवरण संबंधित कन्सलटेंट को दिनांक 20.08.2021 तक उपलब्ध करवाने एवम् उक्त कार्य को समयबद्व रूप पूर्ण करवाने की पूर्ण जिम्मेदारी रहेगी।
2. जोनल डवलपमेंट प्लान कार्य के समयबद्ध भुगतान हेतु राशि हस्तान्तरण प्राधिकरण को किये जाने की सहमति नगर निगम आयुक्त उत्तर व दक्षिण द्वारा दी गयी। इस बाबत् पूर्व में भी इस कार्यालय के पत्र कमांक 915 दिनांक 23.07.2021 द्वारा अवगत कराया जा चुका है।
3. प्रशासन शहरों के संग अभियान के दृष्टिगत दोनों नगर निगम क्षेत्रों के जोनल प्लान समयबद्ध रूप से तैयार करवानें की जिम्मेदारी संबंधित आयुक्त, नगर निगम की रहेगी।

आयुक्त
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

क्रमांकः F37 / निदे.आयो. / जेडीए / सामान्य / 2021 / 639 – 645 दिनांकः– 24/8/21

प्रतिलिपी :– निम्न को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, नगर निगम उत्तर, जोधपुर को सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, नगर निगम दक्षिण, जोधपुर को सूचनार्थ।
4. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
5. वरिष्ठ नगर नियोजक, नगर निगम जोधपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. उप नगर नियोजक प्रथम / द्वितीय जो.वि.प्रा जोधपुर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. एसीपी / एनआईसी शाखा को भेजकर लेख है कि इसे जो.वि.प्रा. की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

निदेशक आयोजना
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

परिशिष्ट–"1

आज दिनांक 12.08.2021 को प्रातः 12:30 बजे आयुक्त महोदय, जोविप्रा, जोधपुर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत थी:–

1. श्री अरूण कुमार पुरोहित, आयुक्त नगर निगम, दक्षिण, जोधपुर।
2. श्री राजेन्द्र सिंह कविया, आयुक्त नगर निगम, उत्तर, जोधपुर।
3. श्री राजेश वर्मा, निदेशक (आयोजना), जो.वि.प्रा. जोधपुर।
4. श्री अनुज अग्रवाल, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
5. श्री गणपत लाल सुथार, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
6. श्री इन्द्रजीत राठौड, उप नगर नियोजक, नगर निगम उत्तर / दक्षिण जोधपुर।

निदेशक आयोजना
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 0291-2612086


क्रमांकः F37/निदे.आयो./जेडीए/सामान्य/2021/ दिनांकः–

## –:बैठक कार्यवाही विवरणः–

नगर निगम उत्तर (N) के जोनल डवलपमेंट प्लान बनाने का कार्यादेश मैसर्स एक्रो वेन्चर्स प्रा.लि को दिया गया है, मैसर्स एक्रो वेन्चर्स प्रा.लि के प्रतिनिधी श्री शादाब सैफी के साथ दूरभाष पर वार्ता की गयी एवम् प्लान की भावी कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की गयी एवं राज्य सरकार के 02.10.2021 से प्रस्तावित प्रशासन शहरों के संग अभियान के प्रभावी कियान्विति हेतु जोनल डवलपमेंट प्लान के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के बारे में अवगत करवाया गया। ड्रोन सर्वे की डी.जी.सी.ए. से अनुमति मिलने में काफी समय लगने की संभावना है। इसके दृष्टिगत नगर निगम दक्षिण के जोनल डवलपमेंट प्लान बाबत् याशी कन्सलटिंग से भी कार्य शीघ्र करने हेतु कार्य योजना बनाई गयी थी। उसी अनुरूप नगर निगम उत्तर (N) का जोनल डवलपमेंट प्लान प्रथम चरण में वर्ल्ड सैटेलाईट इमेजरी पर बनाया जा कर आम जनता से आपत्ति आमंत्रण हेतु अधिसूचित किये जाने का निर्णय लिया गया। कन्सल्टेंट द्वारा समानान्तर रूप से ड्रोन सर्वे की स्वीकृति आदि की कार्यवाही जारी रखी जावेगी एवं ड्रोन सर्वे आधारित विस्तृत बेसमेप मय प्रोपर्टी लेवल सर्वे एवं यूटिलीटी मेपिंग तैयार कर इमेजरी सहित प्राधिकरण को सुपुर्द किया जावेगा। ड्रोन सर्वे द्वारा उपलब्ध प्रोपर्टी लेवल सर्वे एवं अन्य विवरण प्राप्त होने पर प्राप्त विवरण के पूर्व में अधिसूचित जोनल प्लान से भिन्नता होने पर जोनल डवलपमेंट प्लान में आवश्यक संशोधन कर पुनः अधिसूचित किया जाना होगा। कन्सल्टेंट को जारी कार्यादेश के भुगतान की शर्तो को भी समानान्तर रूप से दो भागो में विभाजित कर वर्ल्ड इमेज पर ड्राफ्ट जोनल डवलपमेंट प्लान अधिसूचित किये जाने पर निविदा प्रपत्र में उल्लेखित स्टेज अनुसार 50 प्रतिशत भुगतान देय होगा एवं ड्रोन सर्वे आधारित बेसमेंप, जोनल डवलपमेंट प्लान का कार्य प्राधिकरण को सुपुर्द करने के उपरान्त शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान देय होगा। उपरोक्तानुसार हुए निर्णयों पर मैसर्स एक्रो वेन्चर्स प्रा.लि के प्रतिनिधि द्वारा सहमति जताते हुए कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

निदेशक आयोजना<br>
जोधपुर विकास प्राधिकरण,<br>
जोधपुर

क्रमांकः F37/निदे.आयो./जेडीए/सामान्य/2021/ 647 – 652 दिनांकः– 24/8/2021

प्रतिलिपी :– निम्न को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ निजी सहायक, आयुक्त महोदय, नगर निगम उत्तर, जोधपुर को सूचनार्थ।
3. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
4. उप नगर नियोजक प्रथम/द्वितीय जो.वि.प्रा जोधपुर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधिशाषी अभियन्ता, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
6. एसीपी/एनआईसी शाखा को भेजकर लेख है कि इसे जो.वि.प्रा. की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

उप नगर नियोजक<br>
जोधपुर विकास प्राधिकरण,<br>
जोधपुर

आज दिनांक 12.08.2021 को प्रातः 12:30 बजे आयुक्त महोदय, जोविप्रा, जोधपुर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत थी–

1. श्री कमर चौधरी, आयुक्त जो.वि.प्रा. जोधपुर।
2. श्री राजेश वर्मा, निदेशक (आयोजना), जो.वि.प्रा. जोधपुर।
3. श्री अनुज अग्रवाल, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
4. श्री गणपत लाल सुथार, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
5. श्री इन्द्रजीत राठौड, उप नगर नियोजक, नगर निगम उत्तर / दक्षिण जोधपुर।
6. श्री मोहम्मद फैजान, मैसर्स एक्रो वेन्चर्स प्रा.लि. मेरठ।

निदेशक आयोजना
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर